mended exemption of small and marginal fishery farmers from income-tax; and

(b) if so, what decision has been taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) Yes, Sir.

(b) With the present income-tax exemption limit of Rs. 30,000, small and marginal fishery farmers even now would not come within the tax net. Besides, section 80P of the Income-tax Act provides for complete exemption of the income of a co-operative society engaged in fishing or allied activities. However several representations, claiming relief, have been received from fish farmers. These are under consideration.

साम्प्रदायिकता भड़काने वाले समाचारपत्रों/पत्रिकाओं के खिलाफ सरकार द्वारा कार्यवाही

*120. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही की है, जो साम्प्रदायिक तनाव भड़का रही हैं;

(ख) यदि हां, गत तीन वर्षों के दौरान इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने उन्हें सजा देने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) जी, हां।

(ख) दिल्ली से प्रकाशित एक उर्दू दैनिक को सरकारी विज्ञापन जारी करना बंद कर दिया गया था।

(ग) विभिन्न अधिनियमों के तहत उन पर अभियोग चलाना राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों का काम है तथा दोषी लोगों को दंडित करना न्यायालयों का काम है।

राष्ट्र कवि डा. रामधारी सिंह दिनकर के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट

840. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री 25 फरवरी, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 95 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्र कवि डा. रामधारी सिंह दिनकर के सम्मान में अब तक स्मारक डाक-टिकट जारी न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) इस संबंध में सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) फिलैटलिक सलाहकार समिति की बैठक 11.5.92 को हुई थी। तदुपरान्त, फिलैटलिक सलाहकार समिति की उप समिति ने अन्य प्रस्तावों के साथ-साथ इस प्रस्ताव पर भी 3.8.92 को हुई अपनी बैठक में विचार किया। तथापि, फिलैटलिक सलाहकार समिति ने इस प्रस्ताव की सिफारिश नहीं की।

(ख) इन परिस्थितियों में, इस संबंध में सरकार की कोई योजना नहीं है।

Mailing concessions granted to news papers and periodicals

841. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is fact that Government are considering re-categorisation of newspapers in the context of mailing concessions granted to them;